खेल एक सीख

प्रशिक्षकों के लिए

एक पुस्तक

www.prosportdev.in

Pro Sport Development

GIRLS NOT BRIDES

The Global Partnership to End Child Marriage

खेल एक सीख

खेल–आधारित गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षकों को किशोरों/किशोरियों और युवाओं के साथ जेंडर पर संवाद शुरू करने पर सक्षम बनाने के लिए एक पुस्तक

नामः_____

www.prosportdev.in

Pro Sport Development

GIRLS NOT BRIDES

The Global Partnership to End Child Marriage

विषयसूची

परिचय 1

प्रशिक्षकों के लिए निर्देश 6

सॉफ्ट स्किल्स सीखने के परिणाम 15

वार्म–अप और कूल डाउन 20

आइस ब्रेकर गेम्स– आपस में सहज महसूस कराने के लिए खेल 23

टीम वर्क विकसित करने के लिए खेल 29

संचार के लिए खेल 38

नेतृत्व विकास के लिए खेल 45

टीम वर्क व संचार स्थापित करने के लिए खेल.....51

जेंडर की समझ को बढ़ावा देने के लिए खेल.....57

परिचय

विश्व में भारत ऐसा देश है जहाँ बाल वधू की संख्या सबसे अधिक है. UNICEF[1] के अनुसार यह आंकड़ा 15 मिलियन लड़कियों से ऊपर है! एक अनुमान के अनुसार भारत में 27% लड़कियों की शादी उनके 18वें जन्मदिन से पहले कर दी जाती है, जबकि 7% लड़कियों की शादी उनके 15वें जन्मदिन से पहले हो जाती है। हालांकि, पिछले एक दशक में, भारत में बाल विवाह दर में लगभग 50% से 27% तक की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई है। अब उतनी भारतीय लड़कियां 15 साल की उम्र से पहले शादी नहीं कर रहीं हैं लेकिन 15 से 18 वर्ष[2] की आयु के बीच लड़कियों की शादी की दर बढ़ गई है।

बाल विवाह – कानूनी उम्र से पहले शादी – मानवाधिकारों का उल्लंघन है। बाल विवाह लड कियों को असमान रूप से प्रभावित करता है और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे बुनियादी मौलिक अधिकारों से वंचित करता है। जिन लड़कियों की शादी 18 साल से पहले हो जाती है, उनके साथ घरेलू हिंसा होने की संभावना अधिक होती है, चाहे वह शारीरिक, यौन और/या भावनात्मक किसी भी रूप में हो। इसके अलावा, बाल वधू के पास शैक्षिक और आर्थिक अवसरों[3] तक पहुचने के मौके बहुत सीमित हैं।

यद्यपि बाल विवाह के कारण विभिन्न संदर्भों और समुदायों में भिन्न होते हैं, बाल विवाह के मूल कारणों में से एक जेंडर असमानता है – यह विश्वास कि लड़कियां और महिलाएं लड़कों और पुरुषों से कमतर हैं। जेंडर असमानता के अलावा शिक्षा की कमी, पारंपरिक प्रथाएं, जाति और/या धर्म, गरीबी और असुरक्षा जैसे अन्य कारक बाल विवाह के कारण हैं। भारत में, बाल विवाह कोबढ़ावा देने और बनाए रखने वाले कारकों में जेंडर मानदंड, पितृसत्ता, शिक्षा का स्तर, गरीबी और पारंपरिक रीति–रिवाज[4] शामिल हैं।

[1] http://unicef.in/Whatwedo/30/Child-Marriage
[2] National Family Health Survey - 4 (2015-16)
[3] https://www.girlsnotbrides.org/why-does-it-happen/
[4] https://www.girlsnotbrides.org/child-marriage/india/

हाल ही में, खेल एवं खेलकूद आधारित गतिविधियाँ जेंडर असमानता और और इसमें फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए एक असरदार टूल के रूप में उभरा है, जिससे बाल विवाह की घटनाओं को कम करने में अहम् भूमिका निभाई जा रही है। खेल–आधारित दृष्टिकोणयुवा लड़कियों के लिए अवसर और बेहतर भविष्य प्रदान करने में मदद कर रहा है। साथ ही ये बाल विवाह के प्रति विभिन्न हितधारकों के दृष्टिकोण को बदलने का एक स्थायी और प्रभावी तरीका बन गया है। अभी तक यह देखा गया है कि, लड़कियों और महिलाओं की भूमिकों से सम्बंधित जेंडर को रूढ़ियों को चुनौती देने में खेल ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है , उसी के साथ–साथ उनकी स्वतंत्रता और गतिशीलता को बढ़ावा भी दिया है।

जेंडर असमानता और बाल विवाह[5] से निपटने में खेल–आधारित दृष्टिकोणों का उपयोग करने पर भारत में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओ की कुछ प्रमुख सीख निम्नलिखित हैं:

- विकास कार्यक्रमों में खेल के उपयोग ने जेंडर रूढ़ियों और सामाजिक प्रथाओं को तोड़ने में प्रभावी परिणाम दिखाए हैं। लड़कियों को अपने परिवारों और समुदायों के साथ बातचीत करने का विश्वास मिल रहा है, और उन्हें अपने घरों की सीमाओं से बाहर निकलने और सुरक्षित वातावरण में सीखने का अवसर भीमिला है। इसके अलावा, खेल कूद की वजह से लड़कियों को यह अहसास हुआ कि वो अपनीं आकांक्षाएं हासिल कर सकती हैं।
- खेल का प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं है – परिवारों और समुदायों के साथ–साथ स्थानीय संस्थानों में भी परिवर्तन होते देखा जा रहा है।
- खेल कई लड़कियों के लिए आजीविका के विकल्प के रूप में भीउभरा है, विशेष रूप से महिला प्रशिक्षकों, सहजकर्ताओं और खेल प्रोफेशनल्स की बढ़ती मांग के साथ।
- विविध लोगों को जुटाने के लिए खेल एक प्रभावी माध्यम है – यह एक ऐसा तरीका भी है जो विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाता है।
- खेल, विकास कार्यक्रमों में आसानी सेसमाहित होने वालाटूल है –खेल आयोजित करने में जिस प्रकार की बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, उसके आधार पर कार्यक्रमों, गतिविधियों और खेलों को कम या बिना सामान की आवश्यकता के डिजाइन किया जा सकता है, कम और इनडोर स्थानों में आयोजित किया जा सकता है।

[5] https://drive.google.com/file/d/1YalYcFJhpSy4_B-Glal6OJUz8tD51yTx/view

इस पुस्तक को प्रो स्पोर्ट डेवलपमेंट द्वारा गर्ल्स नॉट ब्राइड्स के सहयोग से तैयार किया गया है, जिसका उपयोग किशोर–किशोरियों और युवाओं के साथ जमीनी स्तर पर काम करने वाले प्रशिक्षकों द्वारा किया जाएगा, ताकि जबरदस्ती किये जाने वाले बाल विवाह को बढ़ावा देने वाली रूढ़ियों को समाप्त किया जा सके। यह पुस्तिका प्रशिक्षकों के लिए एक संसाधन है इसके साथ एक विशेष रूप से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला डिजाइन की गई है। यह प्रशिक्षण कार्यशाला प्रशिक्षकों को उपयुक्त कौशल के निर्माण में मदद करेगी।इस पुस्तकमें विभिन्न खेल–आधारित गतिविधियों के माध्यम से नेतृत्व, संचार और टीम निर्माण के साथ–साथ किशोर–किशोरियों और युवाओं के सभी जेंडर समूहों के बीच जेंडर समानता को बढ़ाने के लिए जोरदिया गया है।

यह पुस्तिका विभिन्न गतिविधियों और खेल संबधित कौशल पर विभिन्न प्रकार के आउटडोर गतिविधियों, जिनका उद्देश्य 12 से 20 वर्ष की आयु के किशोरों और युवाओं के मिश्रित जेंडर समूहों को सम्बोधित करना है। इस पुस्तिका को आप एक संसाधन के रूप में देखें,फिर चाहे वह स्कूलों और समुदायों में प्रवेशकेलिए हो, किशोरों और युवाओं के समूहों को एकत्रित करने के लिए, लड़कियों और लड़कों कोएक–दूसरे के साथ बातचीत करने व सहजमहसूस करानेके लिए उन्हें सुरक्षित वातावरण देनेके लिए,औरजेंडर के आधार पर संवाद शुरू करने के साथ–साथ किशोरों और युवाओं में नेतृत्व, संचार और टीम निर्माण के कौशल को विकसित करने के लिए हो।

इस पुस्तिका में खेल और गतिविधियों को उन वर्गों में विभाजित किया गया है जो किशोरों और युवाओं के लिए विशिष्ट सीख देने वाले परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इसमे शामिल हैः

- टीम वर्क (सामूहिक कार्य) और तालमेल
- प्रभावी संचार
- नेतृत्व
- जेंडर के मुद्दों पर संवाद शुरू करना

इस बात पर ध्यान दें की इस पुस्तक में दिए गए खेल और गतिविधियों का उपयोग पुस्तक प्रशिक्षक द्वारा किया जाना चाहिए, ताकि इनके माध्यम से वे स्थानीय संदर्भों के बारे में और किशोर और युवा समूहों के लिए अपने आपको पूरी तरह तैयार कर सके और अपने आपको जोड़ सके।

टिप्पणियाँ और विचार

प्रशिक्षकों के लिए निर्देश

प्रो स्पोर्ट डेवलपमेंट और गर्ल्स नॉट ब्राइड्स का मानना है कि इस हैंडबुक में दिए गए खेल और गतिविधियोंका उपयोग कुछ इस प्रकार किया जाए ताकि इसका प्रभावशाली असर हो। इसलिए, प्रशिक्षकों को अपने सत्रों में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मूल्यों को शामिल करना, इन्हे समझना, खुद को इनसे परिचित कराना चाहिए।

<u>समानताः</u>

स्थिति, अधिकारों और अवसरों के संदर्भ में समान होने की स्थिति

गतिविधियों को कराने में समानता एक महत्वपूर्ण अंगहै क्योंकि यह सभी को एक निष्पक्ष वातावरण और समान अवसर प्रदान करती है, जिससे प्रत्येक प्रतिभागी को बिना किसी निर्णय या भेदभाव के खुद को व्यक्त करने की अनुमति मिलती है, इससे वे अपनी पूरी क्षमता तक पहुँच सकते हैं।

गतिविधियों को करते समय समानता सुनिश्चित करने के तरीकेः

- **सुनिश्चित करें कि सभी की समान भागीदारी होः**चाहे प्रतिभागी किसी भी जेंडर, क्षमता, धर्म, जाति या उम्र का हो उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए समान अवसर दें। सत्र में सभी प्रतिभागियों को समान रूप से और सक्रिय रूप से इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें, और सुनिश्चित करें कि कोई भी न छूटे।
- **विपरीत जेंडर के लिए सम्मानः** सुनिश्चित करें कि मिश्रित–जेंडर टीम बनाई जाए ताकि सभी प्रतिभागी विपरीत जेंडर से सीखें, एक दूसरे को प्रोत्साहनदे सकें, और सम्मान करना सीख सकें।
- **एक–दूसरे के प्रयासों का समर्थन या सराहनाः** इस पहलू को साथी प्रतिभागियों का जोश बढाकर और खेलों के दौरान आपस में सकारात्मक प्रतिक्रिया को बढ़ावा देकर करनाचाहिए।

- **एक दूसरे का सम्मान करना:** प्रशिक्षकों को यह ध्यान देना होगा कि प्रतिभागियों के आपस में व प्रशिक्षकों के बीच संबंध मजबूतहों और आपस में बातचीत से ये पता भी चलना चाहिए ।

<u>नियमों का सम्मान (फेयर प्ले):</u>

'नियमों, टीम के साथियों और विरोधियों का सम्मान, साथ ही सभी संबंधितों के साथ समान व्यवहार'

फेयरप्ले प्रतिभागियों को यह समझने की अनुमति देता है जैसे सामाजिक नियमों का पालन कैसे करें और उन्हें नियमों को तोड़ने के बजाय समस्या को हल करे, ध्यान केंद्रित रहने और अनुशासित रहने के लिए प्रोत्साहित करें। अनुचित आचरण के परिणाम न केवल एक व्यक्ति के लिए बल्कि उनके आसपास के अन्य लोगों के लिए भी हो सकते हैं। प्रतिभागियों को निष्पक्ष खेलने के लिए प्रभावित करने से उनमें सहयोग, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के गुण विकसित होते हैं, साथ ही टीम के सदस्यों, विरोधियों, प्रशिक्षकों और रेफरी/अंपायरों सहित सभी प्रतिभागियों के प्रति सम्मान दिखता हैं।

गतिविधियों को करते समय निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने के तरीके:

- **विरोधियों को बधाई देना:** खेल के परिणाम की परवाह किए बिना प्रतिभागियों को अपने विरोधियों से हाथ मिलाना सिखाकर, विरोधियों के बीच सम्मान की शुरुआत की जा सकती है।

- **खेलों के लिए नियमों का पालन :** खेल और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से नियमों का पालन करने के महत्व पर जोर दें। जैसे यदि कोई प्रतिभागी फुटबॉल में नियम तोड़ता है तो उसे एक लाल कार्ड मिल सकता है, जो उसको अगले गेम में खेलने से प्रतिबंधित कर देगा। यह न केवल प्रतिभागी बल्कि पूरी टीम को भी प्रभावित करता है।

- **ईमानदार होना और नियमों का पालन करना:** इन गुणों को विभिन्न पहलों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा सकता है जैसे कि प्रतिभागियों को खेल के दौरान ईमानदारी और अच्छी खेल भावना के लिए अंक प्रदान करना। साथ ही, पूरे सत्र में अनुकूल व्यवहार और सकारात्मक गुणों को प्रदर्शित करने के लिए दिन के खिलाड़ी या मैच के खिलाड़ी का चयन किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, अनुचित व्यवहार प्रदर्शित करने वाली टीमों या व्यक्तियों से अंक काटे जा सकते हैं। ये रणनीतियाँ प्रशिक्षकों को एक निष्पक्ष वातावरण को बनाने में सक्षम बनाएगी।

शामिल करना:

सभी प्रतिभागियों को सभी गतिविधियों में सामान्य रूप से शामिल करना

समावेशन(इन्क्लूजन) या शामिल करना प्रतिभागियों को एक समृद्ध सीखने का माहौल प्रदान करता है, जो किसी भी प्रतिभागी को, चाहे उनकी उम्र, क्षमता, जेंडर , धर्म या जाति कुछ भी हो, सीखने और विकसित होने का अवसर देता है। समावेशन प्रतिभागियों को नई मित्रता करने , साथियों के साथ संवाद करने के नए तरीके सीखने और अपने बारे में और साथ ही विभिन्न पृष्ठभूमि(जगहों) के अन्य लोगों के बारे में जानने के लिए प्रेरित करता है।

गतिविधियों को करते समय समावेशन सुनिश्चित करने के तरीके:

- किसी भी जेंडर, उम्र, क्षमता, धर्म या जाति के बावजूद सभी को सभी खेलों में भाग लेने का मौका मिले । सुनिश्चित करें कि प्रत्येक प्रतिभागी हर समय सभी खेलों में शारीरिक और/या मानसिक रूप से शामिल हो, चाहे वो खेल में भागीदारी लेके हो या फिर अपने साथियों को प्रोत्साहित करके।
- फैसिलिटेटर/प्रशिक्षकहर प्रतिभागी के सुझाव को सुने : प्रतिभागियों और कोचों के बीच संचार हर समय सकारात्मक होना चाहिए। यह एक प्रतिभागी के आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने और आत्म–सम्मान को बढ़ाने में मदद करेगा।
- किसी भी प्रतिभागी के साथ भेदभाव न करे : प्रतिभागियों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए और खेलों के दौरान उस प्रतिभागी को भाग लेने और खुद को अभिव्यक्त करने का समान अवसर दिया जाना चाहिए। *(बच्चों के खिलाफ भेदभाव को रोकने के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया प्रो स्पोर्ट डेवलपमेंट की बाल संरक्षण नीति देखें)*

एक सकारात्मक सीखने का माहौल बनानाः

एक व्यक्ति सहज महसूस करता है,अपने साथियों के साथ तालमेल की समझ आती है और खुद में विश्वास करता है कि वे सफल हो सकते हैं।

एक सकारात्मक सीखने का माहौल यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक प्रतिभागी को सुनने, सम्मान करने और दूसरों से सीखने के दौरान खुद को व्यक्त करने का अवसर दिया जाए। ये वातावरण प्रतिभागियों को सकारात्मक प्रोत्साहन व फीडबैक के माध्यम से खुद को खोजनेऔररचनात्मक होने का मौका देता है।

गतिविधियों को करते समय सकारात्मक सीखने का माहौल सुनिश्चित करने के तरीकेः

- **उपरोक्त तीन मूल्यों को शामिल करें–समावेश, समानता और निष्पक्षताः** ये प्रत्येक प्रतिभागी को समूह के भीतर अपने साथियोंकेबीच स्वीकृति की भावना देगा, और इसलिए उनके आत्मविश्वास का निर्माण होगा ।
- **प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर देंः** प्रशिक्षक को प्रतिभागी के विचारों और सुझावों पर विचार करना चाहिए, उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारी देनी चाहिए और उन्हें सत्र के दौरान निर्णय लेने की अनुमति देनी चाहिए।

सुरक्षा के लिए सावधानियां

यह महत्वपूर्ण है कि सत्र आयोजित करते समय प्रशिक्षकसुरक्षा उपाय करें। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि खेल के मैदान या खेल का क्षेत्र गतिविधियों के लिए सुरक्षित हैं, क्योंकि इससे निम्नलिखित में मदद मिलती हैः

- गंभीर और/या बार–बार चोट लगने की संभावना को कम करना।
- ऐसे सत्र आयोजित करना जो प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।
- यह तय करने में सहायता करना कि किन गतिविधियों और खेलों में भाग लेना सुरक्षित है।

- प्रतिभागियों को खेलशुरू करने से पहले सुरक्षा निर्देश प्रदान करना।
- सुनिश्चित करें कि सुरक्षा उपायों की कमी के कारण प्रतिभागियों को खेल गतिविधियों में भाग लेने का डर न हो ।

सत्र से पहले और दौरान, प्रशिक्षक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्होंने सभी संभावित जोखिमों और उससे होने वाले खतरों पर विचार किया है, और खेल क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाई की है। सत्र शुरू होने से पहले प्रशिक्षकों को खेल क्षेत्र में निम्नलिखित जोखिमों और खतरों का सर्वेक्षण करना चाहिएः

- खेल मैदान कीसतह
- खेलने के सामान और खेल उपकरण
- चलनेफिरने की जगह और ढलान
- बाधाएं(जैसे स्तंभ, गड्ढे,दीवारें आदि)
- मौसम
- ऊंची सतह और कैच पॉइंट
- कूड़ा या गंदगी

सुरक्षा सावधानियों के अलावा, प्रशिक्षक को बच्चों के लिए ऐसा वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए जहाँ उनका उत्पीड़न और उनके साथ दुर्व्यवहार न हो। प्रशिक्षक को निम्नलिखित दिशानिर्देशों के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिएः

- बच्चे का कल्याण सर्वोपरि है।
- सभी बच्चों को, चाहे उनकी उम्र, संस्कृति, क्षमता, जेंडर, भाषा, जाति, नस्लीय मूल, धार्मिक विश्वास और/या यौन पहचान कुछ भी हो, उन्हेंसभी गतिविधियों और कार्यक्रमों में एक मजेदार और सुरक्षित वातावरण में भाग लेने के लिए मौका दिया जाना चाहिए।
- बच्चों को नुकसान, भेदभाव और अपमानजनक व्यवहार से बचाने और उनके अधिकारों, इच्छाओं और भावनाओं का सम्मान करने के लिए सभी उचित कदम उठाए जाने चाहिए।
- खराब आचरण या दुर्व्यवहार के सभी संदेहों और आरोपों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और जल्दी और उचित तरीके से जवाब दिया जाना चाहिए।
- **बच्चों के साथ किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार, उत्पीड़न या शोषण को स्वीकार्य नहीं किया जायेगाः**

बच्चों[6] को उनकी अलग अलग उम्र, संस्कृति, शारीरिक क्षमता, जेंडर, भाषा, जाति, नस्लीय मूल, धार्मिक विश्वास औरध्या यौन पहचान के बावजूद दुर्व्यवहार और शोषण से सुरक्षा के समान अधिकार होंगे।

COVID-19 सुरक्षा दिशानिर्देश

यह देखते हुए कि दुनिया वर्तमान में COVID-19 महामारी से गुजर रही है, यह महत्वपूर्ण है कि प्रशिक्षक मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा जारी किए गए सुरक्षा दिशानिर्देशों[7] के अनुरूप हैंडबुक को अपनाएं। यह ध्यान में रखते हुए कि वायरस व्यक्तियों के बीच निकट संपर्क से फैलता है, हैंडबुक को ऐसे खेल और गतिविधियों का उपयोग करके विकसित किया गया है जहां शारीरिक दूरी संभव है। हालाँकि, हैंडबुक में दी गई गतिविधियों को व्यक्तिगत रूप से वितरित करने वाले प्रशिक्षक को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी कि प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों के बीच संपर्क से बचा जाए।

इसके अलावा, प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित स्वच्छता दिशानिर्देशों का पालन किया जाना चाहिएः

- खेल या गतिविधियों का बाहर खुले मैदान में संचालन करना बेहतर रहेगा, क्योंकि वे किसी इनडोर/कमरे की तुलना में बेहतर और हवादार होते है । कई जगह हाथ धोने, सैनिटाइजर और स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
- सभी प्रतिभागियों को गतिविधि से पहले और बाद में अपने हाथ धोने या सेनिटाइज करने के लिए कहें।
- सुनिश्चित करें कि सभी प्रतिभागी फेस मास्क का उपयोग कर रहे हैं जो उनके चेहरे और नाक दोनों को अच्छे से ढकते हैं।
- प्रतिभागियों से अपनी पानी की बोतलें लाने के लिए कहें, और उन्हें अपना पानी दूसरों के साथ साझा करने की अनुमति न दें।

[6] POCSO or The Protection of Children from Sexual Offences Act (POCSO Act) 2012 was established by the Indian Government to protect children against offences like sexual abuse, sexual harassment and pornography. The act was formed to provide a child-friendly system for trial within which the perpetrators could be punished. Read more here:https://protsahan.co.in/wp-content/uploads/2017/06/Understanding-POCSO.pdf

[7] These guidelines have been adapted from the World Health Organization's guidelines for sports federations and sport event organizer.

- सभी प्रतिभागियों के लिए ऐसा कपडा या रुमाल या टिश्यू पेपर उपलब्ध कराएं जिसे उपयोग के बाद फेंक दिया जाय , और सुनिश्चित करें कि उपयोग किए गए पेपर या रुमाल का सही ढंग से नष्ट कर दिया गया है।
- प्रतिभागियों को उनकें खुद के तौलिये, कपड़े, साबुन या अन्य व्यक्तिगत वस्तुओं को अन्य प्रतिभागियों के साथ साझा करने की अनुमति न दें।
- प्रतिभागियों को आपस में हाथ मिलाने, गले मिलने या प्रतिभागियों के बीच किसी और तरह के संपर्क करने से रोके– अन्य भावनाओं को बधाई देने या व्यक्त करने के नए, रचनात्मक तरीके अपनाएं।
- प्रतिभागियों के बीच उपकरण साझा न करें। यदि उपकरण साझा करना है, तो सुनिश्चित करें कि नए प्रतिभागी को सौंपने से पहले इसे अच्छी तरह से साफ किया गया है।
- बुखार की जांच सहित सभी प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों की स्वास्थ्य जांच करें।
- उन प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों से पूछताछ करें जो बीमार महसूस कर रहे हैं या जो किसी बीमार व्यक्ति के संपर्क में थे, ताकि उन्हें सत्र में भाग लेने से रोक सके ।

खुद के उपकरण का प्रयोगः

हम स्वीकार करते हैं कि आपके संगठन के पास संसाधन एक निश्चित संख्या मे ही होंगे । अधिक संख्या में प्रतिभागियों के लिए पर्याप्त उपकरण न होने से लेकर विशिष्ट प्रकार के उपकरण न होने तकय ये कमियां आपके लिए इन गतिविधियों को लागू करने में संभावित समस्याएं पैदा कर सकती हैं। हम आपको कुछ अलग सोचने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और जो आपके पास अभी है उन सामान का उपयोग इस तरह से करते हैं की जो उपकरण नहीं है उनकी कमी न महसूस हो। और यह करने के लिए यहां कुछ उदाहरण दिए गए हैंः

- हूलाहुप : एक घेरा बनाने के लिए अगर हूलाहूप नहीं है तोएक सर्कल में 5 कोन या मार्कर का प्रयोग कर के घेरा बना लेंया एक छड़ी का उपयोग करके खेल की जगह पर बनायें ।
- नेटबॉलः अगर नेटबॉल नहीं है तो डॉजबॉल या फुटबॉल का उपयोग करें।
- छोटी बाधाएंः इन बाधाओं को बनाने के लिएएक दूसरे के बगल में 3 लम्बे कोन रखें।

- रस्सियाँः फर्श को चिह्नित करने के लिए चाक पाउडर का उपयोग करें, या रेत में रेखाएँ बनाएँ।
- गोलः गोल पोस्ट को चिह्नित करने के लिए क्रिकेट स्टंप या स्टिक का उपयोग करें ।

प्रतिभागियों के उपयोग के लिए आपके संगठन के पास पहले से उपलब्ध उपकरणों का पता करे व उनकी जांच करें। उपरोक्त उदाहरणों को देखते हुए उन तरीकों के बारे में सोचे ताकि जो सामान आपके पास नहीं है उनकी जगह मौजूदा उपकरण का उपयोग किया जा सके।

टिप्पणियाँ और विचार

सॉफ्ट स्किल्स सीखने के परिणाम

टीम वर्क, संचार और नेतृत्व तीन सॉफ्ट स्किल्स से संबंधित इस हैंडबुक में गतिविधियों और खेलों से सीखने के कुछ परिणाम नीचे दिए गए हैं, जिनसे प्रशिक्षकको परिचित होना चाहिए।

टीम वर्क

'एक सामान्य लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समूह या टीम के सदस्यों द्वारा मिलजुल कर काम करना'

<u>सीखने के परिणाम</u>

एक सामान्य लक्ष्य को कुशलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए टीम के साथियों के बीच सहयोग और समन्वयः

- सुनिश्चित करें कि प्रतिभागी सामान्य लक्ष्यों और परिणामों की दिशा में एक टीम के रूप में मिलकर काम करें।
- प्रतिभागियों से खेल के दौरान अपने साथियों को सकारात्मक प्रोत्साहन और सलाह देने के लिए कहें।
- खेलों के बाद, खेल के दौरान प्रतिभागियों ने किस तरह से एक साथ काम किया और इसे कैसे सुधारा जा सकता है, इसकी चर्चा करें।

प्रशिक्षक के लिए उपयोगी सुझावः

- प्रतिभागियों को गेम जीतने के लिए एक टीम के रूप में एक साथ काम करने के लिए कहें।
- खेलों के दौरान, सुनिश्चित करें कि प्रतिभागी अपने साथियों को प्रोत्साहित करें, उनका सम्मान करें, और सौहार्द और सहयोग विकसित करें।
- उन लोगों को प्रोत्साहित करें जो टीम का हिस्सा हैं और खेलने में शरमाते हैं य टीम के बाकी सदस्य यह सुनिश्चित करें कि शर्मीले व्यक्ति टीम का हिस्सा महसूस करें।

- दोनों टीमों में प्रशिक्षकहोने से प्रतिभागियों को समूह का सा एहसास होगा और टीम भावना विकसित करने में मदद मिलेगी। जो सबसे अधिक शोर करती है (अपने साथियों को खुश करके), उस टीम को एक अतिरिक्त अंक का पुरस्कार देकर खेल से जुड़ाव पैदा किया जा सकता है ।

- खेल के विभिन्न पहलुओं पर पूरे समूह के साथ चर्चा करना महत्वपूर्ण है ताकि प्रतिभागियों को पूरी समझ हो। और यह उस गेम के लिए खेले गए खेल से सम्बंधित प्रश्नों का उपयोग करके किया जाना चाहिए।

संचार

'बोल कर, लिख कर, दिखा कर , सुन कर या किसी अन्य माध्यम का उपयोग करके जानकारी देना या आदान–प्रदान करना'

सीखने के परिणाम

दूसरों की राय और विचारों का सम्मान करना और सुननाः

- टीमों से खेल से पहले 1 मिनट की चर्चा करवाएं और सुनिश्चित करें कि खिलाड़ी सुनें और उनके साथियों द्वारा दिये गए सुझावों और विचारों को सुने और उनका सम्मान करें।

- प्रशिक्षक को टीम के सभी सदस्यों को अपनी राय सामने रखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

दूसरों के साथ आत्मविश्वास और स्पष्ट रूप से संवाद करने के लिए मौखिक और करके दिखाने के तरीकों का उपयोग करे

- सुनिश्चित करें कि खेल के दौरान प्रतिभागी आपस में बातचीत करते रहें। यह उन्हें एक–दूसरे को प्रोत्साहित करके किया जा सकता है।

- संवाद करते समय प्रतिभागियों से कहें कि वे अपने कार्यों और शब्दों को सरल और स्पष्ट रखें ताकि उनके साथी समझ सकें।

प्रशिक्षक के लिए उपयोगी सुझावः

- प्रतिभागियों को अपनी टीमों के बीच बात करने और संवाद करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- सुनिश्चित करें कि प्रतिभागी अपने साथियों और विरोधियों की बात सुनें।
- उन्हेंप्रोत्साहित जरूरकरें जो बोलने में शर्माते हैं।
- खेल के विभिन्न पहलुओं पर पूरे समूह के साथ चर्चा करना महत्वपूर्ण है ताकि प्रतिभागियों को पूरी समझ हो। यह खास उस खेल से सम्बंधित प्रश्नों का उपयोग करके किया जाना चाहिए।

नेतृत्व

'विभिन्न परिस्थितियों में एक समूह का नेतृत्व करने की क्षमता'

सीखने के परिणाम

जिम्मेदारी लेना और उचित निर्णय लेनाः

- खेल में प्रतिभागियों को अपने समूह के लिए निर्णय लेने का अवसर दें।
- प्रतिभागियों से इस बारे में प्रश्न पूछें कि क्या उनके द्वारा खेलों में लिए गए निर्णय स्थिति के लिए उपयुक्त थे।

दूसरों के लिए मिसाल कायम करनाः

- प्रतिभागियों से पूछें कि उनके कार्यों ने उनकी टीम में दूसरों को कैसे प्रभावित किया।

रचनात्मकता को बढ़ावा देना (प्रतिभागियों को रचनात्मक बनाना):

- समूह का नेतृत्व करने वाले को खेल से 1 मिनट पहले उन्हें योजनाओं का सुझाव देने या आगामी खेल के बारे में अपनी टीम को निर्देश देने के लिए खुद को व्यक्त करने की स्वतंत्रता दें।

मौखिक और गैर–मौखिक संचार के माध्यम से दूसरों को प्रेरित करनाः

- विभिन्नप्रतिभागियों को खेलों का नेतृत्व करने का मौका दें और उन्हें अपने शब्दों और कार्यों के माध्यम से अपनी टीम के लिए एक उदाहरण स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करें।

प्रशिक्षक के लिए उपयोगी सुझावः

- प्रशिक्षक को हमेशा खेल का नेतृत्व करने के बजाय जब भी संभव हो प्रतिभागियों को नेतृत्व करने कामौका देना चाहिए।
- नेतृत्व करने वाले को बार–बार बदलें क्योंकि सभी को मौका मिलना चाहिएय नेतृत्व करने वाले के रूप में लड़कियों और लड़कों को बदल बदल कर मौका दें ।
- अन्य प्रतिभागियों को नेतृत्व करने वाले के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- नेतृत्व करने वाले को खुद को व्यक्त करने के अवसर प्रदान करें, और उन नेतृत्व करने वाले का मार्गदर्शन करें जो शर्मीले/आत्मविश्वास में कम हैं।
- उन विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है जिन पर खेल पूरे समूह के साथ ध्यान केंद्रित करते हैं ताकि प्रतिभागियों को पूरी समझ हो। यह खास उस खेल से सम्बंधित प्रश्नों का उपयोग करके किया जाना चाहिए।

टिप्पणियाँ और विचार

वार्म–अप और कूल डाउन

वार्म–अप सत्र का एक अनिवार्य हिस्सा है। प्रतिभागियों को कराने वाली ज्यादातर गतिविधियों और खेलों की शुरुआत वार्म–अप से होती हैं। सभी आयु समूहों के लिए एक सामान्य वार्म–अप का सुझाव दिया जाता है।

वार्म–अप

एक स्टार्ट लाइन बना ले और 5 मीटर और 10 मीटर की दूरी पर कोन रखें । 10 मीटर की दूरी पर फिनिशिंग/टर्निंग लाइन बनाएं। सभी प्रतिभागी स्टार्ट लाइन पर एक दूसरे के बगल में खड़े होते हैं और प्रत्येक अभ्यास को फिनिश लाइन तक पूरा करते हैं। यदि समूह बड़ा है तो प्रतिभागियों की दो पंक्तियाँ बनाएँ।

गतिविधियाँ जो सहजकर्ता 12–20 वर्ष की आयु के प्रतिभागियों के लिए उपयोग कर सकते हैं:

- जॉगिंग • 30 मीटर
- हाई नीज • 10 मीटर
- हिप फ्लिक्स • 10 मीटर
- साइड शफल (हर तरफ)• 10 मीटर
- बैकवर्ड रनिंग • 10 मीटर
- हैमस्ट्रिंग स्वीप • 5 मीटर
- क्वाड पुल • 5 मीटर
- एंकल पुल्स • 5 मीटर
- किक्स • 10 मीटर
- होपिंग (प्रत्येक पैर) • 10 मीटर
- बैकवर्डस बेयर क्रॉल • 10 मीटर
- फ्रंट सपोर्ट साइड वॉक (हर तरफ) • 5 मीटर
- रनिंग धस्प्रिन्टिंग • 50 मीटर

सत्र के दौरान प्रतिभागियों द्वारा भाग लेने वाले खेलों और गतिविधियों के अनुसार वार्मअप को चुने । साथ ही, वार्मअप का समय प्रतिभागियों की उम्र के साथ–साथ सत्र में खेलों और गतिविधियों की संख्या पर निर्भर होनी चाहिए।

कूल–डाउन

सत्र के अंत में कूल–डाउन अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि प्रतिभागी ने सत्र के दौरान जो शारीरिक परिश्रम किया है उससे ठीक हो सकें और भविष्य में चोट लगने की संभावना से बच सकें।

जैसा कि कई अवसरों पर, सत्र के अंत में कूल–डाउन के लिए पर्याप्त समय नहीं होता है, निम्नलिखित गतिविधियाँ प्रतिभागियों के लिए एक प्रभावी कूल–डाउन के रूप में काम कर सकती हैं, जिन्हें पूरा करने में अधिक समय नहीं लगता हैः

- प्रशिक्षक प्रतिभागियों को खेलने की जगहपर बिखरे हुए सामानो में एक को लेने के लिए कहते हैं। सामान की ओर चल कर जाएँ, और फिर प्रशिक्षक के पास वापस जाएँ।
- आगे बढ़ने सेपहले धीरे–धीरेटहलें या खेल के मैदानमें घूमें।
- जाने से पहले 1 गहैमस्ट्रिंग, 1 गक्वाड्रिसेप्स और 1 गग्लूटस्ट्रेच करें, प्रत्येक को कम से कम 20 सेकंड के लिए करैं।

टिप्पणियाँ और विचार

आइस ब्रेकर गेम्स– आपस में सहज महसूस कराने के लिए खेल

मिलन

सीखने के परिणाम	प्रतिभागी एक–दूसरे से परिचित होते हैं और उनके नामों को जानते हैं ।	
प्रतिभागीः	दो टीम बनाये जिसमे मिश्रित जेंडर के समान संख्या में प्रतिभागी हों।	
सामान की जरुरत	1 फुटबॉल/वॉलीबॉल, 2 फ्लैट कोन और एक हैंड सैनिटाइजर स्प्रे	
खेल की तैयारी	• प्रशिक्षक दो टीमें बनातेंहैं, जिसमें प्रतिभागी एक के पीछे एक खड़े होते हैं। • टीमें एक दूसरे का आमने सामने रहती हैं और एक दूसरे से 3–5 मी की दूर खड़ी होती हैं। • टीम 1 का पहला प्रतिभागी गेंद से शुरू करता है। • (चित्र 1 देखें)	 चित्र 1
कैसे खेला जायेगा	• जैसे ही प्रशिक्षक सीटी बजाते है, टीम 1 का पहला प्रतिभागी गेंद को टीम 2 के पहले प्रतिभागी को पास करता है, और फिर टीम 1 की लाइन के पीछे दौड़ता है। (चित्र 2) • गेंद को आगे बढ़ाने से पहले, प्रतिभागी जोर–जोर से अपना नाम चिल्लाते हैं। • टीम 2 का प्रतिभागी गेंद को पकड़ता है, फिर अपना नाम जोर से बोलते हुए गेंद को वापस टीम 1 को भेजता है और फिर टीम 2 की लाइन के पीछे दौड़ता है। (चित्र 3) • हर बार जब कोई प्रतिभागी पास पूरा करता है तो वह अपनी टीम की लाइन के पीछे वापस आ जाता/जाती है। • सभी प्रतिभागी एक ही प्रक्रिया का पालन करते हैं। • सुनिश्चित करें कि सभी प्रतिभागी खेल से पहले और बाद में अपने हाथों को साफ करें।	 चित्र 2 चित्र 3
प्रगतिः	• एक बार जब सभी प्रतिभागियों ने खेल के माध्यम से अपना परिचय दे दिया, तो उसी खेल के दूसरे दौर को दोहराएं। • हालांकि, इस बार प्रशिक्षकप्रतिभागियों को सूचित करते है कि गेंद को पास करते समय अपना नाम चिल्लाने के बजाय, प्रतिभागियों को दूसरी टीम के उस प्रतिभागी के नाम पर चिल्लाना होगा जिसे वे गेंद पास कर रहे हैं।	**संक्षिप्त प्रश्नः** 1. क्या खेल ने अन्य प्रतिभागियों को जानने में आपकी मदद की? क्यों या क्यों नहीं? 2. क्या दूसरों के नाम याद रखना आसान था? क्यों या क्यों नहीं? 3. क्या आप विपरीत जेंडर के सदस्यों के नाम जानते हैं? क्या इस गेम ने आपको उनसे परिचित कराने में मदद की?

सबके साथ

सीखने के परिणाम	प्रतिभागी एक–दूसरे से परिचित होते हैं, विशेषकर विपरीत जेंडर के सदस्यों से।	
प्रतिभागीः	पूरा समूह एक साथ	
सामान की जरुरत	कई फ्लैट कोन और एक हैंड सैनिटाइजर स्प्रे	
खेल की तैयारी	• प्रशिक्षककोनसे एक गोला बनातें हैं । • सभी प्रतिभागी सर्कल के बाहर फैले हुए हैं। • (चित्र 1 देखें)	 चित्र 1
कैसे खेला जायेगा **प्रगतिः**	• प्रशिक्षक के आदेश के अनुसार, सभी प्रतिभागी गोले के चारों ओर घड़ी की सूई के अनुसार या इसके विपरीत दौड़ेंगे। • प्रशिक्षकएक नंबर को बोलकर समूह को दौड़ने से रोकता है, जैसे ''2'' या ''5'' (समूह के आकार के आधार पर)। • सभी प्रतिभागी निर्देशों के अनुसार 2 या 5 के समूह बनाने के लिए दौड़ पड़ते हैं। (चित्र 3) • जो समूह नहीं बना सकते उन्हें एक राउंड के लिए हटा दिया जाता है। • सुनिश्चित करें कि खेल तेज गति से खेला जाए ताकि निकाले गए गए प्रतिभागी बाहर बहुत देर तक प्रतीक्षा न करें। • सुनिश्चित करें कि सभी प्रतिभागी खेल से पहले और बाद में अपने हाथों को साफ करें। • खेल के कुछ राउंड खेलने के बाद, प्रतिभागियों को ऐसे समूह बनाने का निर्देश दें जिनमें लड़के और लड़कियां दोनों हों। (चित्र 4) • दौड़ने की गति और दिशा बदलें, और प्रतिभागियों को तेज फिर धीरे धीरे चलने का निर्देश दें।	 चित्र 2 चित्र 3
संक्षिप्त प्रश्नः	1. मिश्रित जेंखेल के पहले कुछ राउंड के दौरान यदि आप प्रतिभागियों को समान जेंडर के समूह बनाते हुए देखते हैं, तो उनसे पूछें कि • वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? • वे मिश्रित जेंडर समूहों में क्यों नहीं आ रहे थे? • यदि आप उन्हें डर समूह बनाते हुए देखते हैं, तो उन समूहों से पूछें कि वे ऐसा करने में सहज क्यों थे? 2. प्रतिभागियों से पूछें कि जब उन्हें मिश्रित जेंडर समूह बनाने के लिए कहा गया, तो उन्हें कैसा लगा? क्या उन्हें अजीब या सामान्य लगा? ऐसा क्यों लगा या क्यों नहीं?	 चित्र 4

जिग–जैग बॉल रिले

सीखने के परिणाम	प्रतिभागी एक–दूसरे से परिचित होते हैं और एक–दूसरे के बारे में और अधिक जान पाते हैं।
प्रतिभागी:	समान प्रतिभागियों की दो मिश्रित जेंडर टीम बनाये
सामान की जरुरत	किसी भी प्रकार की गेंदें – टेनिस बॉल, फुटबॉल, रग्बी बॉल, डॉजबॉल, सॉफ्ट बॉल – प्रति टीम एक बॉल और एक हैंड सैनिटाइजर स्प्रे

खेल की तैयारी

- प्रतिभागी खुद को दो पंक्तियों में एक दूसरे के सामने, लगभग 3 मीटर की दूरी पर व्यवस्थित करें ।
- टीम 1 के प्रतिभागी वैकल्पिक रूप से टीम 2 के प्रतिभागियों के साथ खड़े होते हैं, जैसा कि चित्र में देखा जा सकता है।
- हर प्रतिभागी दूसरी टीम के एक प्रतिभागी के सामने खड़े होंगे।
- (चित्र 1 देखें)



चित्र 1

कैसे खेला जायेगा

- प्रत्येक टीम के पहले प्रतिभागियों को एक–एक गेंद दी जाती है। (चित्र 2)
- जैसे ही प्रशिक्षक सीटी बजाते हैं, प्रतिभागी अपनी टीम के सदस्यों को गेंद फेंकते हैं, जो दूसरी तरफ खड़े हैं । (चित्र 3)
- दूसरा प्रतिभागी गेंद को पकड़ता है और अगले प्रतिभागी जो विपरीत लाइन में हे उसे फेंकता है।
- प्रत्येक प्रतिभागी गेंद को पास करने से पहले, उन्हें उनके बारे में कुछ जोर से कहना होगा, जो प्रशिक्षक द्वारा पहले से तय किया जाता है, उदाहरण के लिएजैसे वे जिस गाँव में रहते हैं, पसंदीदा भोजन, पसंदीदा विषय, पसंदीदा खेल, आदि।
- गेंद रेखाओं के बीच टेढ़े–मेढ़े तरीके से आगे बढ़ती है।
- जब गेंद अंतिम व्यक्ति तक पहुँचती है, तो वह टीम जीत जाती है।
- प्रतिभागियों के साथ अपने बारे में अलग–अलग बातें साझा करते हुए खेल को कई बार दोहराएं।
- सुनिश्चित करें कि सभी प्रतिभागी खेल से पहले और बाद में अपने हाथों को साफ करें।

चित्र 2

चित्र 3

प्रगति:

- क्या टीमें बॉल को अलग–अलग तरीके से फेंकती हैं – अंडरआर्म, ओवरआर्म, बगल से या बाउंस पास।
- बॉल को फेंकने और पकड़ने को कठिन बनाने के लिए प्रतिभागियों के बीच दूरी बढ़ाएं।
- खेल के लिए विभिन्न प्रकार की गेंदों का प्रयोग करें, जैसे। छोटी गेंदें, बड़ी गेंदें, अलग–अलग आकार की गेंदें, आदि।
- प्रतिभागियों से उनकी पसंद/नापसंद के बारे में पूछें जो वे समूह में अन्य प्रतिभागियों से साझा करना या जानना चाहते हैं। प्रतिभागियों के बारे में नई चीजें जानने के लिए खेल खेलें।

संक्षिप्त प्रश्न:

1. क्या खेल ने अन्य प्रतिभागियों के बारे में अधिक जानने में आपकी मदद की? क्यों या क्यों नहीं की ?
2. आपने किसी अन्य प्रतिभागी के बारे में सबसे दिलचस्प बात क्या सीखी? क्या आपको अन्य प्रतिभागियों द्वारा साझा की गई कुछ जानकारी याद है?
3. साझा की गई जानकारी आपके व्यक्तिगत या सामाजिक जीवन को दैनिक आधार पर कितना प्रभावित करती है?

टिप्पणियाँ और विचार

टिप्पणियाँ और विचार

टीम भावना विकसित करने के लिए खेल

गोल गोल पकड़

सीखने के परिणाम	प्रतिभागी एक दूसरे के साथ प्रभावी ढंग से समन्वय(मेल जोल) करना सीखते हैं।
प्रतिभागीः	दो मिश्रित जेंडर की टीमें जिसमे समान प्रतिभागी हों।
सामान की जरुरत	कई फ्लैट कोन, 6 लंबे कोन– प्रति टीम एक टेनिस बॉल और एक हैंड सैनिटाइजर स्प्रे।

खेल की तैयारी

- प्रशिक्षक फ्लैट कोन का उपयोग करके एक बड़ा वृत्त बनातेहैं, छः लम्बे कोन, चित्र के अनुसार गोलेके चारो ओर रखे जाते हैं।
- दोनों टीमें एक दूसरे के पीछे और बिल्कुल विपरीत पंक्ति में हैं।
- सुनिश्चित करें कि प्रत्येक टीम में प्रतिभागी मिश्रित जेंडर समूहों में पंक्तिबद्ध हों अर्थात एक लड़की के बाद एक लड़का उसके बाद एक लड़की, आदि।
- (चित्र 1 देखें)



चित्र 1

कैसे खेला जायेगा

- प्रत्येक टीम में प्रतिभागी 1 गेंद से खेल शुरू करता है।
- जैसे ही प्रशिक्षककसीटी बजातेहैं, वह पहले कोन (घड़ी की दिशा में) की ओर दौड़ता/ दौड़ती है। (चित्र 2)
- प्रतिभागी 1 प्रतिभागी 2 को गेंद फेंकता है (पंक्ति में अगली) (चित्र 3)
- प्रतिभागी 2 गेंद को पकड़ता है और उसे प्रतिभागी 1 को वापस फेंकता है।
- प्रतिभागी 1 फिर दूसरे कोन की ओर दौड़ता है, और प्रक्रिया को दोहराता है।
- एक बार जब प्रतिभागी 1 गोले के किनारे सभी 4 कोनो से गुजरता है, तो प्रतिभागी 2 उसी प्रक्रिया को शुरू करता है, प्रतिभागी 1 अपनी टीमों की पंक्ति के पीछे शामिल होता है।
- पहली टीम जिसने अपने सभी खिलाड़ियों को गोल–गोल घुमाया, जीत गई।
- सुनिश्चित करें कि सभी प्रतिभागी खेल से पहले और बाद में अपने हाथों को साफ करें।

चित्र 2

चित्र 3

प्रगतिः

- खेल के एक दौर के बाद, टीमों को जीतने की रणनीति बनाने के लिए कहें।
- सुनिश्चित करें कि सभी जेंडर की चर्चा में समान भागीदारी हो।

संक्षिप्त प्रश्नः

1. टीमों के जीतने या हारने के पीछे क्या कारण थे? प्रत्येक टीम क्या सुधार कर सकती थी? चर्चा के लिए 1 मिनट का समय दें।
2. पहले दौर के बाद टीमों ने क्या रणनीति बनाई? क्या इनसे टीमों के भीतर समन्वय में सुधार करने में मदद मिली?
3. टीम के भीतर योजना बनाते समय, टीम के प्रत्येक प्रतिभागी की क्षमता को ध्यान में रखना कितना महत्वपूर्ण है? क्यों?
4. क्या लड़कियों और लड़कों को अपने दैनिक जीवन में एक साथ काम करने का मौका मिलता है? क्यों या क्यों नहीं?

गेंद को हराओ

सीखने के परिणाम	प्रतिभागी पारस्परिक परिणामों की दिशा में एक टीम के रूप में एक साथ काम करना सीखते हैं।	
प्रतिभागी	दो मिश्रित जेंडर की टीमें जिसमे समान प्रतिभागी हों।	
सामान की जरुरत	8 लंबे कोन, 1 टेनिस बॉल और एक हैंड सैनिटाइजर स्प्र	
खेल की तैयारी	• टीम 1 प्रतिभागियों के साथ एक दूसरे के पीछे एक पंक्ति बनाती है। और टीम 1 से 1प्रतिभागी अपनी टीम के सामने अन्य प्रतिभागियों के सामने 2 मीटर दूर खड़ा है। • प्रतिभागी 1 टेनिस बॉल से खेल शुरू करता है। • टीम 2 में प्रतिभागी एक दूसरे के पीछे खड़े हों । और टीम 2 के सामने 5 कोन (एक पंक्ति में) व्यवस्थित करें। (चित्र 1 देखें)	 चित्र 1
कैसे खेला जायेगा	• जैसे ही प्रशिक्षक सीटी बजातेहैं, टीम 1 में प्रतिभागी 1 प्रतिभागी 2 को गेंद देता है। • प्रतिभागी 2 गेंद को पकड़ता है और उसे वापस प्रतिभागी 1 को फेंकता है। वह फिर लाइन के पीछे दौड़ता/दौड़ती है। (चित्र 2) • टीम 1 के लिए गए कैच की संख्या को तब तक गिनते है जब तक कि दूसरी टीम के सभी प्रतिभागियों ने अपनी गतिविधि समाप्त नहीं कर ली हो यदि कोई कैच छूट जाता है तो उसकी गिनती नहीं की जाती है। • इसके साथ ही जब प्रशिक्षकसीटी बजातेहैं, तो टीम 2 का प्रतिभागी 1 प्रत्येक कोन के ऊपर से कूद जाता है औरअगले प्रतिभागी को छूने के लिए वापस लौटता है। (चित्र 3) • टीम 2 के सभी प्रतिभागी पूरी टीम के समाप्त होने तक कूदते हैं। जब टीम 2 कूदना समाप्त करती है प्रशिक्षकैज्ज्व चिल्लाते है और टीम 1 उनकी ड्रिल को रोक देती है। • प्रशिक्षक फिर टीमों की अदला–बदली करता है। • सबसे अधिक कैच लेने वाली टीम जीतती है। • सुनिश्चित करें कि सभी प्रतिभागी खेल से पहले और बाद में अपने हाथों को साफ करें	 चित्र 2 चित्र 3
प्रगति	• खेल के पहले दौर के बाद, पकड़ने वाली टीमों को किसी भी तरीके से खेलने को कहे जैसे गोला या वर्ग का आकार बना कर।	**संक्षिप्त प्रश्न** 1. टीमों के जीतने या हारने के पीछे क्या कारण थे? प्रत्येक टीम क्या सुधार कर सकती थी? 2. पहले दौर के बाद टीमों ने क्या रणनीति बनाई? क्या इनसे टीम वर्क को बेहतर बनाने में मदद मिली? 3. प्रत्येक टीम में लड़कियों और लड़कों ने क्या भूमिकाएँ निभाईं? क्या ये भूमिकाएँ समान थीं? 4. एक टीम के रूप में एक साथ काम करने पर लड़कियों और लड़कों ने कैसा महसूस किया?

पकड़ के भाग

सीखने के परिणाम	प्रतिभागी एक टीम के रूप में एक साथ काम करने का मूल्य सीखते हैं।	
प्रतिभागी	प्रति टीम 5 प्रतिभागियों की कई मिश्रित जेंडर टीमें	
सामान की जरुरत	प्रति टीम 1 फुटबॉल, कोनऔर एक हैंड सैनिटाइजर स्प्रे।	
खेल की तैयारी	• कोन का उपयोग करके 25 मीटर दूरी पर शुरू और आखरी लाइन सेट करें। • सभी टीमों के प्रतिभागी स्टार्ट लाइन पर एक के बाद एक खड़े होते हैं। • टीमों को फैलाएं ताकि वे एक दूसरे से 5 मी दूर रहें। • कोन को प्रारंभ रेखा से 5मी, 10मी, 15मी और 20मी पर रखें। • प्रत्येक टीम में पहले प्रतिभागी गेंद से खेल शुरू करते हैं। (चित्र 1 देखें)	 चित्र 1
कैसे खेला जायेगा	• जैसे ही प्रशिक्षक सीटी बजातेहैं, प्रत्येक टीम के पहले प्रतिभागी गेंद के साथ 5 मीटर दौड़ते हैं और रुक जाते हैं। (चित्र 2) • वह गेंद को हवा में ऊपर रखता है। • प्रत्येक टीम के दूसरे प्रतिभागी फिर पहले प्रतिभागियों के पास दौड़ते हैं, गेंद लेते हैं और 10 मीटर के निशान तक दौड़ते हैं। (चित्र 3) • गेंद को हवा में ऊपर रखता है। • प्रक्रिया तब तक दोहराई जाती है जब तक कि अंतिम प्रतिभागी अंतिम पंक्ति तक नहीं पहुंच जाता। • खेल को विपरीत दिशा में इस तरह से दोहराया जाता है कि सभी प्रतिभागी स्टार्ट लाइन पर लौट आते हैं। • टीम पहले आगे फिनिश लाइन तक जाकर और पीछे स्टार्ट लाइन तकआने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 1 अंक प्राप्त करती है। • खेल को दोहराएं, अधिकतम अंक वाली टीम खेल जीतती है। • सुनिश्चित करें कि सभी प्रतिभागी खेल से पहले और बाद में अपने हाथों को साफ करें।	 चित्र 2 चित्र 3
प्रगति	• खेल के कुछ राउंड खेलने के बाद, प्रत्येक टीम को एक अंक प्राप्त करने व रणनीति पर चर्चा करने के लिए 2 मिनट का समय दें	**संक्षिप्त प्रश्न** 1. एक अंक हासिल करने के लिए अपनी टीम के साथियों पर भरोसा करना कितना महत्वपूर्ण था? क्यों था या क्यों नहीं था ? 2. क्या आप अपने साथियों पर भरोसा करने में सक्षम थे? क्यों थे या क्यों नहीं थे ? 3. क्या आप मानते हैं कि टीम वर्क के लिए खुद में सुधार भी बहुत जरूरी है? क्यों या क्यों नहीं? 4. क्या जीवन में ऐसी परिस्थितियाँ हैं जहाँ आपको किसी कार्य को पूरा करने के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है या दूसरों के साथ काम करना पड़ता है? उदाहरण दे ।

ड्रिबल रिले

सीखने के परिणाम	प्रतिभागी पारस्परिक परिणामों की दिशा में एक टीम के रूप में एक साथ काम करना सीखते हैं।	
प्रतिभागी	समान प्रतिभागियों की दो मिश्रित जेंडर टीमें	
सामान की जरुरत	प्रति टीम एक फुटबॉल, कई कोन और एक हैंड सैनिटाइजर स्प्रे	
खेल की तैयारी	• प्रशिक्षक कोन का उपयोग करके खेल की जगह में एक वर्ग की आ कृति बनाते है। • टीमें वर्ग के विपरीत किनारों पर एक दूसरे के बगल में प्रतिभागियों के साथ पंक्तिबद्ध होते हैं। • प्रत्येक टीम में प्रतिभागी 1, गेंद से खेल शुरू करते है। (चित्र 1 देखें)	 चित्र 1
कैसे खेला जायेगा	• जैसे ही प्रशिक्षक सीटी बजातेहैं, प्रत्येक टीम का प्रतिभागी 1 गेंद को घड़ी की सूई की दिशा में स्क्वायर के बाहर ड्रिबल करता है। • एक बार जब वे वापस आ जाते हैं, तो वे प्रतिभागी 2 को गेंद देते हैं। • प्रतिभागी 2 प्रक्रिया को दोहराता है, और गेंद को प्रतिभागी 3 को पास करता है। (चित्र 3) • जिस टीम में सभी प्रतिभागी पहले गेंद को ड्रिबल करते हैंवह टीम जीत जाती है।यह प्रक्रिया तब तक जारी रहती है जब तक पूरी टीम ड्रिबल न कर ले । • सभी प्रतिभागी गेंद को अपने हाथों से ड्रिबल करते हैं। • सुनिश्चित करें कि सभी प्रतिभागी खेल से पहले और बाद में अपने हाथों को साफ करें।	 चित्र 2 चित्र 3
प्रगति	• खेल को दोहराने से पहले, प्रत्येक टीम को एक रणनीति पर चर्चा करने के लिए 2 मिनट का समय दें जिससे उन्हें गेम जीतने में मदद मिल सके। • खेलों के रिपीट राउंड में, प्रतिभागियों को अपने पैरों से गेंद को ड्रिबल करने के लिए कहें।	**संक्षिप्त प्रश्न** 1. आपकी टीम ने गेम क्यों जीते या हारे? उदाहरण दो। 2. आपकी टीम ने गेम जीतने के लिए किन रणनीतियों पर चर्चा की? क्या ये सफल रहे? क्यों रहे या क्यों नहीं? 3. अपने दैनिक जीवन में, आप साझा लक्ष्यों/कार्यों को प्राप्त करने के लिए दूसरों के साथ, विशेष रूप से विपरीत जेंडर के लोगों के साथ कैसे काम कर सकते हैं?

बचो और मारो

सीखने के परिणाम	प्रतिभागी कठिन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभावी ढंग से समन्वय करना सीखते हैं।
प्रतिभागी	समान प्रतिभागियों की दो मिश्रित जेंडर टीमें
सामान की जरुरत	दो छोटी फुटबॉल, फ्लैट कोन, एक प्रहार करने के लिए (क्रिकेट बैट, टेनिस रैकेट, आदि) और एक हैंड सैनिटाइजर स्प्रे।

खेल की तैयारी

- प्रशिक्षक 10 मीटर की दूरी पर दो लाइन बनाते है जहाँ से बॉल फेंकी जाएगी, लाइन बनाने के लिए कोन का उपयोग करते है।
